भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1836
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2022

सरकार द्वारा योजनाओं के नामों का परिवर्तन

1836. श्री नकुल के. नाथ :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय की उन योजनाओं के नाम क्या हैं जिनका सरकार द्वारा वर्ष 2014 के बाद नाम बदला गया है; और

(ख) वर्ष 2014 के बाद उक्त योजनाओं के लिए आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) मंत्रालय की वे योजनाएं, जिनके नाम वर्ष 2014 के बाद सरकार द्वारा बदले गए हैं, निम्नानुसार हैं :

क्र.सं.	**विभाग**	**योजनाएं**
1.	डाक	वित्तीय सेवाएं (बचत बैंक एवं धन-प्रेषण) का नाम बदलकर डाकघर बचत बैंक प्रचालन कर दिया गया है।
2.	डाक	प्रीमियम सेवाओं का नाम बदलकर व्यापार संवर्धन, विपणन अनुसंधान एवं उत्पाद विकास कर दिया गया है।
3.	संचार	नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) का नाम बदलकर भारत नेट कर दिया गया है।

(ख) वर्ष 2014 के बाद से इन योजनाओं के लिए आबंटित बजट का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**योजना का नाम**	**निधियों का आबंटन (करोड़ रु. में)**
1.	डाकघर बचत बैंक	58.10 करोड़ रु.- वित्त वर्ष 2015-16 के बाद से
2.	व्यापार संवर्धन, विपणन अनुसंधान एवं उत्पाद विकास	345.85 करोड़ रु.- वित्त वर्ष 2015-16 के बाद से
3.	भारत नेट	वित्त वर्ष 2014-15 से अब तक, वैश्विक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से भारत नेट परियोजना के तहत 35101 करोड़ रु. की राशि आबंटित/संवितरित की गई है।

*****